# रक्षा उद्यमियों को प्रदेश में आधे रेट पर मिलेगी जमीन

## यूपी एयरोस्पेस व रक्षा इकाई रोजगार प्रोत्साहन नीति के तहत यूपीडा ने घटाई कीमत

**अभिषेक गुप्ता**

**लखनऊ।** रक्षा क्षेत्र में अपार संभावनाओं को देखते हुए यूपी में डिफेंस उद्यमियों को नई सौगात दी गई है। उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवेज औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) ने रक्षा इकाइयों के लिए जमीन की दरें करीब आधी कर दी हैं। यूपी एयरोस्पेस व रक्षा इकाई रोजगार प्रोत्साहन नीति-2024 के तहत आने वाली इकाइयों को ये फायदा मिलेगा। इस संबंध में पारित प्रस्ताव को यूपीडा बोर्ड ने मंजूरी दे दी है।

यूपीडा रक्षा इकाइयों को बेहद सस्ते में जमीन देगा। उत्तर प्रदेश एयरोस्पेस व रक्षा इकाई रोजगार प्रोत्साहन नीति-2024 के तहत रक्षा गलियारे के नोड्स में आवंटित जमीन का पट्टा दस वर्ष की अवधि के लिए भूमि की कीमत का 1 फीसदी और इससे ज्यादा की अवधि के लिए 1.5 फीसदी होगा। ये योजना पांच वर्ष के लिए लागू की गई है। इससे पहले यूपीडा में कुल जमीन की कीमत का 2.5 फीसदी लीज रेंट और दस वर्ष के बाद 50 फीसदी बढ़ोतरी का प्रावधान था।

करीब 19 इकाइयों को 2.5 फीसदी लीज रेंट पर ही जमीन भी दी जा चुकी है। घटी दरों का फायदा 24 जनवरी 2025 या इसके बाद किए गए आवंटनों को मिलेगा। मूल इकाई को भूमि की लागत पर 25 फीसदी सब्सिडी पहले ही दी जा रही है। इंटीग्रेटेड मैन्यूफैक्चरिंग एंड लाजिस्टिक्स क्लस्टर (आईएमएलसी) के तहत आने वाली इकाइयों को कुल जमीन कीमत का 2.5 फीसदी लीज रेन्ट देना होगा।

इस फैसले से यूपी में डिफेंस कारीडोर के अतिरिक्त भी रक्षा गलियारा समृद्ध होने का रास्ता साफ हो गया है। लीज रेन्ट 2.5 फीसदी से घटाकर 1 फीसदी करने के फैसले से छोटी और मध्यम इकाइयों की ग्रोथ में तेजी आएगी। डिफेंस की सहायक इकाइयों की संख्या कम से कम 2000 बढ़ेगी।

### शहरी महायोजना विकास की तरह औद्योगिक क्लस्टर का विकास

यूपीडा 29 औद्योगिक क्लस्टर्स और डिफेंस कारीडोर का विकास शहरों की तरह करेगा। औद्योगिक विकास प्राधिकरणों की तर्ज पर महायोजना और मानचित्र तैयार किए जाएंगे। इनका विकास ठीक उसी तरह किया जाएगा, जिस तरह नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना प्राधिकरण द्वारा महायोजना तैयार की जाती है। बोर्ड की बैठक में तय किया गया कि योजना तैयार करने के लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की नियमावली को आधार माना जाएगा। साथ ही मानचित्रों के संबंध में यूपीसीडा की नियमावली को शामिल किया जाएगा।